**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 19 जुलाई 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे को आज उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में मंगल पांडे को देश का महान योद्धा बताते हुए उनकी सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मंगल पांडे ने ब्रिटिश शासन को चुनौती दी थी और उनके साहस एवं वीरता की कहानी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी सोशल मीडिया पर मंगल पांडे को श्रद्धांजलि दी है और उन्हें देश भक्ति का प्रेरणा स्रोत बताया है। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगल पांडे के बलिदान को नमन किया और कहा कि उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी मंगल पांडे को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय चेतना जागृत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज जुलाना में महाराजा अग्रसेन धर्मशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी मौजूद रहीं। दोनों ने धर्मशाला के उद्धघाटन के बाद गौशाला का भी उद्धघाटन किया। कार्यक्रम में हरियाणा के उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्डा, कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, विधायक रामकुमार गौतम और रणधीर पनिहार ने भी शिरकत की।

---

यांत्रिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि देश की पहली स्वदेशी सेमीकंडक्टर चिप इसी वर्ष तैयार हो जाएगी। हैदराबाद में कल केशव स्मारक शिक्षा समिति के 85वें स्थापना दिवस समारोह में श्री वैष्णव ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उत्पादक देशों में से एक बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार पहले ही छह सेमीकंडक्टर संयंत्रों को मंजूरी दे चुकी है और उनका निर्माण कार्य चल रहा है।

---

हरियाणा के वन एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कल केंद्रीय विद्युत तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल तथा केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ मुलाकात कर अरावली क्षेत्र में प्रस्तावित विश्व की सबसे बड़ी जंगल सफारी परियोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की। नई दिल्ली में मुलाकात के बाद वन मंत्री ने बताया कि लगभग 10 हजार एकड़ क्षेत्र में विकसित की जाने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना को चार चरणों में पूरा किया जाएगा। जल्द शुरू होने वाले पहले चरण

में 2 हजार 500 एकड़ क्षेत्र में कार्य किया जाएगा । यह परियोजना हरित पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ वन्यजीव संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि परियोजना को वैश्विक सुविधाओं से सुसज्जित करने और सर्वोत्तम मॉडल  अपनाने के लिए हाल ही में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ गुजरात के जामनगर स्थित 'वंतारा' जंगल सफारी का दौरा किया गया। इस दौरे से परियोजना के तकनीकी, संरचनात्मक और संरक्षण आधारित पहलुओं को समझने में मदद मिली। उन्होंने बताया कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार इस परियोजना को तेजी से मूर्त रूप देने हेतु हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि अति-शहरीकृत क्षेत्रों में ऐसी परियोजनाएं पर्यावरण संरक्षण और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं। राव नरबीर सिंह ने कहा कि यह सफारी पर्यावरण प्रेमियों को आकर्षित करने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं  क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति देगी और हरियाणा को वैश्विक हरित पहचान भी दिलाएगी।

---------------------------------------------------------------------------------

भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण संगठनत्मक बैठक कल पंचकूला में पार्टी प्रदेश कार्यालय पंच कमल में हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में संगठनात्मक मुद्दों तथा  मन की बात कार्यक्रम को लेकर  चर्चा हुई तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा बनाई गई। बैठक में प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता एवं सुरेंद्र पूनिया और  सभी जिला  पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

---------------------------------------------------------------------------------

पंचकूला में जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा  तीन दिवसीय 19वीं अश्विनी गुप्ता मेमोरियल जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। लोक निमार्ण और जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री  रणबीर गंगवा ने कल इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर हरियाणा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता भी उपस्थित थे। इस मौके पर श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए हरियाणा की खेल नीति पूरे देश में सबसे श्रेष्ठ है। हरियाणा के खिलाड़ियों ने विश्व स्तर पर विभिन्न खेलों में पदक लाकर प्रदेश का नाम दुनिया में रोशन किया है। उन्होंने स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी की भी प्रशंसा की और सोसायटी को 11 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।

---------------------------------------------------------------------------------